प्रेस नोट
जनपद सोनभद्र
दिनांक- 01.09.2023

थाना चोपन व हाथीनाला पुलिस को मिली बडी सफलता, पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्राज्यीय 01 नफर पशु तस्कर गिरफ्तार व एक अदद देशी पिस्टल 32MM तथा 02 अदद खोखा कारतूस 32 MM बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर व क्षेत्राधिकारी ओबरा महोदय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन व थानाध्यक्ष हाथीनाला के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों तथा गोतस्करी/गोवध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चोपन एवं हाथीनाला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से थाना हाथीनाला पर पंजीकृत मु0अ0सं0-41/2023 धारा- 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त रामकिशुन चौधरी उर्फ गुड्डू पुत्र रघुनन्दन चौधरी, निवासी बामा, थाना नगर उटारी, जिला गढ़वा झारखण्ड की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया गया तो अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम के ऊपर जान मारने की नियत से फायर किया गया आत्म रक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिससे अभियुक्त रामकिशुन चौधरी उपरोक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल होकर मौके पर गिर गया। घायल बदमाश को हिरासत पुलिस में लेकर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

अभियोग का विवरणः-

1. मु0अ0सं0-187/2023 धारा-307 भादवि व 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना चोपन जनपद सोनभद्र।

अभियुक्त का पूर्व अपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 – 41/2023 धारा- 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना हाथीनाला सोनभद्र।
2.मु0अ0सं0- 67/2021 धारा- 414/34 भादवि व 11(1)बी पशु क्रूरता अधिनियम थाना नगर उटारी जिला गढवा झारखण्ड।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. रामकिशुन चौधरी उर्फ गुड्डू पुत्र रघुनन्दन चौधरी निवासी बामा थाना नगर उटारी जिला गढ़वा झारखण्ड उम्र करीब 40 वर्ष।

पुलिस मुठभेड़ /गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-

दिनांक – 31.08.2023, समय –21.30 बजेरात्रि, स्थान- वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग परकोटा टोला गुरमुरा में स्थित पक्की पुलिया के पास।

<u>बरामदगी का विवरण -</u>

1. एक अदद देशी पिस्टल 32MM
2. 02 अदद 32 MM का खोखा कारतूस

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –</u>

1. विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।
2. उ0नि0 चन्द्रभान सिंह, थानाध्यक्ष हाथीनाला, जनपद सोनभद्र ।
3. उ0नि0 रामबचन यादव, थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र ।
4. उ0नि0 त्रिभुवन राय, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।
5. हे0का0 विनोद यादव, थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र ।
6. हे0का0 ओमप्रकाश , थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र ।
7. हे0का0 रूद्रकांत यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।
8. हे0का0 हवलदार यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।
9. का0 संदीप शुक्ला, थाना चोपन , जनपद सोनभद्र ।